'मेट्रो 3' के लिए दूसरी रेक मुंबई पहुंची

मुंबई (यशोडेस्क), 'कुलाबा-बांद्रा -सीप्ज मेट्रो 3' रूट के लिए 31 मेट्रो ट्रेनों की जरूरत है और दूसरी मेट्रो रेक गुरुवार आधी रात को मुंबई आ गयी है। आंध्र प्रदेश के श्री सिटी से आठ कोच वाली ट्रेन मुंबई के सारिपुत नगर में अस्थायी कारशेड में प्रवेश कर गई है। यहां सभी आठ कोच उतार दिए गए हैं और अब इन कोचों को जोड़कर ट्रेन की टेस्टिंग शुरू की जाएगी। 33.5 किमी लंबे 'मेट्रो 3' रूट का काम मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) द्वारा किया जा रहा है। इसीलिए पहली गाड़ी अगस्त में मुंबई लाई गई है और इसकी टेस्टिंग शुरू हो चुकी है। अब एक और गाड़ी भी मुंबई लाई गई है। आठ कोच वाली एक और मेट्रो रेक गुरुवार आधी रात को मुंबई आ गई है। इन कोचों को सारिपुत नगर में एक अस्थायी कारशेड में उतारा गया है। अब इन कोचों को जोड़ा जाएगा और ट्रेन का परीक्षण किया जाएगा।